**कार्यालय प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, मुजफ्फरनगर**
**पत्रांक** /141 **दिनांक : मुजफ्फरनगर** 17-11- **2017।**

सेवा में,

डिवीजनल इंजीनियर
टेलीकॉम प्रोजेक्ट
भारत संचार निगम लिमिटेड
लालकुर्ती टेलीफोन एक्सचेंज, मेरठ।

विषयः— जनपद मुजफ्फरनगर में भारत संचार निगम लि0 मेरठ द्वारा पानीपत खटीमा मार्ग कि0मी0 71.60 से (चरथावल मोड से) कि0मी0 92 तक (भोपा टेलीफोन एक्सचेंज तक) दायी पटरी पर ओ0एफ0सी0 केबिल बिछाने/डालने हेतु 0.918 हे0 संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति हेतु वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 के अन्तर्गत प्रस्ताव।

सन्दर्भः— प्रस्ताव संख्या FP/UP/Others/26536/2017 वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक सहारनपुर वृत्त, सहारनपुर का पत्रॉक 1646/14—10 दिनॉक 14.11.2017

महोदय,

कृपया उपरोक्त सन्दर्भित पत्र दिनॉक 14.11.2017 का अवलोकन करने का कष्ट करे, जो अधोहस्ताक्षरी को सम्बोधित एवं आपको पृष्ठांकित है। उक्त पत्र के माध्यम से विषयक प्रस्ताव में कतिपय आपत्तियॉ लगायी गयी है। जिनमें से निम्नलिखित आपत्तियों का निराकरण आपके स्तर से किया जाना है।

1— यदि उक्त प्रकरण में एन0पी0वी0 की धनराशि भुगतान से छूट है तो सम्बन्धित आदेश की प्रति संलग्न करें।

2— विषयांकित परियोजना को वन भूमि में प्रस्तावित किये जाने का औचित्य प्रस्ताव के साथ संलग्न नही है। कृपया संलग्न करें।

3— प्रस्ताव में शामिल सभी वन भूमि एवं गैर वन भूमि का विवरण (चैक लिस्ट 8 एवं 9) प्रस्ताव के साथ संलग्न नही है। कृपया संलग्न करें।

4— प्रस्ताव के पृष्ठ संख्या 15 से 17 एवं पृष्ठ संख्या 41 पर Approval of Survey report जो परियोजना स्वीकृति से सम्बन्धित अभिलेखों के रूप में संलग्न किये गये है एक साथ क्रमवार संग्लन करें।

5— प्रस्ताव के पृष्ठ संख्या 32 से 34 पर संलग्न किये गये प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग रायबरेली के पत्र अपठनीय है। कृपया पठनीय प्रति संलग्न करें।

मा0वि0

6— उक्त आपत्तियों के आलोक में प्रस्ताव को संशोधित करते हुए प्रस्ताव की पृष्ठ संख्या एवं विषय सूची को भी संशोधित करें । प्रस्ताव को लूज फाईल में प्रेषित किया गया है जिसके कारण संलग्न दस्तावेजों की प्रस्ताव से हटने/क्षतिग्रस्त होने की सम्भावना है। इसलिए प्रस्ताव क्लिप फाईल में प्रेषित करें।

अतः उपरोक्तानुसार प्रस्ताव को संशोधित करते हुए सुसंगत प्रस्ताव 5 दिवस में इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

20/11/17

संलग्नकः— विषयक प्रस्ताव 4 प्रतियों में।

(सूरज)
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग
मुजफ्फरनगर

**संख्या** 2158 / **दिनॉकित**

प्रतिलिपि वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक सहारनपुर वृत्त सहारनपुर की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

17/11

(सूरज)
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग
मुजफ्फरनगर